आकाशवाणी भोपाल

**दोपहर समाचार**

दिनांक 10.06.2025 समय: 2.10 PM

**प्रधानमंत्री-रक्षा क्षेत्र**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले ग्यारह वर्षों में भारत के रक्षा क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय परिवर्तन पर प्रकाश डाला है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह देखना उत्साहजनक है कि कैसे भारत के लोग राष्ट्र को मजबूत करने के साझा संकल्प के साथ एकजुट हुए हैं।

**सूचना प्रसारण-मुरुगन -11 वर्ष**

केंद्रीय सूचना और प्रसारण तथा संसदीय राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा है कि भारत ने पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महत्वपूर्ण विकास और सुशासन देखा है। पुडुचेरी में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश भ्रष्टाचार और कमजोर प्रशासन के एक युग से निकल कर पारदर्शी और जन-केंद्रित शासन में परिवर्तित हो गया है।

लखनऊ में भाजपा कार्यालय में एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के ये 11 साल आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव के स्वर्णिम युग के रूप में जाने जाएंगे।

वहीँ, भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि ईमानदारी, विश्वास और न्याय से परिपूर्ण मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल सुशासन की सफल यात्रा की अगली कड़ी है।

**आम महोत्सव**

राजधानी भोपाल में नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में आज से 14 जून तक राज्य स्तरीय आम महोत्सव आयोजित किया गया है । महोत्सव में प्रदेश के आदिवासी

जिलों से लाए गए प्राकृतिक रूप से पके रसायन मुक्त आमों की 15 से अधिक किस्में बिक्री के लिए उपलब्ध रहेगी।

इस वर्ष महोत्सव की खास बात यह है कि पहली बार दुर्लभ नूरजहां आम बिक्री के लिए उपलब्ध करवाया गया है। इस आम की कीमत करीब 2,000 प्रति किलो है और इसका वजन 1 किलो से अधिक होता है।

नाबार्ड की चीफ जनरल मैनेजर सी. सरस्वी ने बताया कि आम महोत्सव का उद्देश्य वाड़ी परियोजनाओं से जुड़े आदिवासी परिवारों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाना है।

**जबलपुर फैटी लीवर**

जबलपुर में तेजी से बढ़ते फैटी लीवर के मामले को देखते हुए 30 साल से ऊपर के हर व्यक्ति की कमर नापने का अभियान शुरू किया गया है। नोडल अधिकारी डॉ. सारिका दुबे ने बताया कि 2 से 5 जून के बीच ढाई हजार से अधिक पुरुष और करीब दो हजार महिलाओं की स्क्रीनिंग हुई है। स्क्रीनिंग के दौरान ढाई सौ से अधिक व्यक्तियों का बीएमआई 23 से अधिक मिला है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र के आंकड़े अलग हैं। अभियान के तहत पता चला है कि 100 में से 17 पुरुष ऐसे हैं जिनकी कमर 90 सेंटीमीटर से अधिक है। वहीं, इसी अनुपात में जो महिलाएं मिली है, उनकी कमर 80 सेमी से ज्यादा है। यह संकेत नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज के हैं।

**मौसम**

प्रदेश में मौसम के उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। वातावरण से नमी कम होने के कारण तापमान में अब बढ़ोतरी होने लगी है। भोपाल, ग्वालियर समेत कई शहरों में सूरज के तेवर तीखे हैं। 7 शहरों में कल पारा 45 डिग्री के पार रहा वहीं, 24 शहरों में तापमान 40 डिग्री या इससे अधिक रहा। जून माह में पहली बार इतना पारा पहुंचा। मौसम विभाग के अनुसार, आज भी पूरे प्रदेश में गर्मी का असर बना रहेगा। कहीं भी आंधी-बारिश का अलर्ट नहीं है।

**समाचार संक्षेप में**

1. आष्टा जनपद के ग्राम खामखेड़ा बैजनाथ में स्थित प्राचीन बावड़ी का जीर्णोद्धार किया गया है। यह बावड़ी कई वर्ष पुरानी होने के कारण धीरे-धीरे खंडहर में परिवर्तित होने लगी थी.

2. धार जिला रोजगार कार्यालय, धार आईटीआई एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय आयोजित युवा संगम प्लेसमेंट ड्राइव में 54 युवाओं का चयन किया गया।

3. छिंदवाड़ा में सांसद विवेक बंटी साहू ने अन्नोत्सव के तहत हितग्राहियों को राशन वितरण का शुभारंभ किया।

4. नर्मदापुरम जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में माखन नगर में बावड़ी उत्सव मना कर पुरानी जल संरचनाओं को सहेजने का संदेश दिया गया।

और

5. आगर मालवा जिला मुख्यालय स्थित मोती सागर बड़ा तालाब में नहाने गये दो नाबालिकों की डूबने से मृत्यु हो गई।

---------------------